52 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in | यह मुज़फ़्फ़रनगर है...

न्यूनतम 19.8 °c अधिकतम 33.0 °c

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय : 6:18 सूर्यास्त : 5:53 | वर्ष : 52/ अंक : 282 शुक्रवार, 11 अक्टूबर 2024 अश्विन, शुक्ल पक्ष, अष्टमी/नवमी सम्वत् 2081 | मूल्य 3 रुपये | कुल पृष्ठ-04


**अमृतवाणी**

कोई दु:ख मनुष्य के साहस से बड़ा नहीं है, हारा वही है, जो लड़ा नहीं है।

कांग्रेस ने हरियाणा में हार के कारणों पर विचार मंथन किया : नयी दिल्ली



प्रमुख कारण को छोड़कर..... बाकी सब पर मंथन किया होगा......




52 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र   पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79)   डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24   Web : muzaffarnagarbulletin.co.in

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606   संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा   रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

वर्ष : 52/ अंक : 282   शुक्रवार, 11 अक्टूबर 2024   अश्विन, शुक्ल पक्ष, अष्टमी/नवमी   सम्वत् 2081   मूल्य 3 रुपये


# जुमे की नमाज व त्यौहारों के मद्देनजर डीएम-एसएसपी का फ्लैग मार्च

**मुजफ्फरनगर, 10 अक्टूबर (बु.)।** पिछले कुछ दिनों से उत्तर प्रदेश सहित देश का माहौल गर्माया हुआ है, कभी थूक तो कभी मूत्र जैसी घटनाओं के बाद यति नरसिंहानंद सरस्वती द्वारा पैगम्बर साहब पर दिए गए विवादित बयान से मुस्लिम समुदाय के लोगों ने नाराज होकर कभी गाजियाबाद, कभी सहारनपुर, कभी हरिद्वार और कभी बुलन्दशहर आदि स्थानों पर उग्र प्रदर्शन किया था, जिसमें पथराव जैसी घटनाएं भी सामने आई थी। उसी के चलते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा सख्ती के साथ यह बात कही गई थी कि किसी भी धर्म या जाति के प्रति उगली गई आग की माफी नहीं मिलेगी और उपद्रव करने वाले लोगों को भी बख्शा नहीं जायेगा।

इसके बाद से ही पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड पर दिखाई पड़ा और गुरूवार की शाम स्वयं डीएम और एसएसपी ने पैदल फ्लैग मार्च किया। संवेदनशील इलाकों में फ्लैग मार्च करते हुए मेरठ रोड, शिव चौक, खालापार आदि में स्वयं पैदल गये। साथ ही उन्होंने धर्मगुरूओं को भी अपने साथ लेकर फ्लैग मार्च किया। डीएम और एसएसपी के साथ मुफ्ती जुल्फिकार साथ साथ चलते दिखाई दिये और अमन व भाईचारे का संदेश देते हुए लगभग एक घंटा विभिन्न इलाकों का भ्रमण किया। एसएसपी अभिषेक सिंह ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि जनपद में सौहार्द्र कायम करने के लिए कोई भी व्यक्ति किसी भी धर्म अथवा जाति पर आपत्तिजनक टिप्पणी न करे। सोशल मीडिया के माध्यम से किसी भी तरह की भ्रामक व भड़काऊ पोस्ट न डाली जाये। ऐसा करने वालों पर सख्त से सख्त कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने पुलिस को भी संवेदनशील क्षेत्रों में अलर्ट रहने के निर्देश दिये। फ्लैग मार्च के दौरान एडीएम प्रशासन नरेन्द्र बहादुर सिंह, एडीएम वित्त गजेन्द्र कुमार, एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत, सीओ सिटी व्योम बिन्दल आदि पुलिस अधिकारी एवं फोर्स के जवान शामिल रहे।



## जिले में भी आज रहेगा सार्वजनिक अवकाश

**मुजफ्फरनगर, 10 अक्टूबर (बु.)।** उत्तर प्रदेश शासन के महानवमी पर शुक्रवार को यूपी में सार्वजनिक अवकाश के ऐलान के बाद जिला अधिकारी मुजफ्फरनगर द्वारा भी जनपद में 11 अक्टूबर 2024 को महानवमी के अवसर पर सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है। आवश्यक सेवाओं को इन आदेशों से मुक्त रखा गया है। इस मौके पर दशहरा के अवसर पर 12 अक्टूबर को सार्वजनिक अवकाश यथावत रहेगा। इस दौरान कोषागार एवं बैंक भी बंद रहेंगे।

# जिन्न का साया खत्म करने के लिए अपनी ही दूधमुंही बच्ची की चढ़ा दी बलि

**मुजफ्फरनगर, 10 अक्टूबर (बु.)।** भोपा थाना क्षेत्र के बेलड़ा गांव में दिल दहला देने वाली घटना बुधवार की देर रात सामने आई, जिसमें घटनाक्रम सुनकर लोगों के होश फाख्ता हो गए और किसी ने यह स्वीकार नहीं किया कि अपने ही पेट से पैदा की गयी औलाद को कोई इस तरह नृशंस रूप से तांत्रिक के कहने पर बलि भी चढ़ा सकता है। पुलिस ने माता-पिता को हिरासत में ले लिया और कार्यवाही करते हुए दोनों को जेल भेज दिया गया, जबकि तांत्रिक को क्लीन चिट दे दी गयी।



भोपा थाना क्षेत्र के बेलड़ा गांव के निवासी गोपाल व ममता पति-पत्नी हैं। बताया जाता है कि ममता गोपाल की तीसरी पत्नी है और ममता ने गोपाल से दूसरी शादी करते हुए सवा महीने की एक बच्ची पूर्व पति की थी व गोपाल ने बच्ची सहित ही ममता को पसंद किया था मगर माना जा रहा है कि बाद में किसी कारणवश गोपाल के मन में खोट आ गया और वह उस बच्ची को नापसंद करने लगा। सम्भवतः इसी नफरत के चलते सवा महीने की दुधमुंही बच्ची को निर्ममता के साथ मौत के घाट उतारा गया है। पुलिस ने जब उक्त दोनों को पकड़ा तो उन्होंने स्वीकार किया कि उन्होंने गला घोटकर मासूम की बेरहमीं से हत्या कर दी है। देर रात पुलिस ने जंगल में कॉम्बिग की। सीकरी और बेलड़ा के जंगल में मासूम के कपड़े एक मोपेड व साइकिल भी बरामद हुई है। कल रात जब क्षेत्र के लोगों को घटना का पता लगा तो क्षेत्र के लोगों ने ही पुलिस को यह जानकारी दी कि उक्त दोनों दूधमुंही बच्ची को मोपेड पर लेकर जंगल की ले जा रहे थे। क्षेत्र के लोगों की ही सूचना पर पुलिस ने पति-पत्नी दोनों से पूछताछ की तभी उक्त मामले में हत्या का खुलासा हुआ। बड़ी बात यह है कि अभी तक पति-पत्नी यह कह रहे हैं कि उन्होंने बच्ची को जंगल में फेंक दिया था, मगर बच्ची के कपड़े बरामद हो चुके हैं तो ऐसे में बच्ची का शव कहां गया। पुलिस अभी पूरी तरह इस मामले में पूछताछ करने के बाद गोपाल पुत्र राजपाल, ममता पत्नी गोपाल दोनों को जेल भेज चुकी है।

## डॉग स्क्वायड लेकर शव की तलाश में जुटी पुलिस



**मुजफ्फरनगर।** भोपा थाना क्षेत्र के बेलड़ा के दुधमुंही बच्ची की हत्या के प्रकरण में पुलिस ने बच्ची के शव की तलाश में बुधवार आधी रात तक कॉम्बिंग की। इस दौरान पुलिस ने डॉग स्क्वायड का भी सहारा लिया। पुलिस को दूधमुंही बच्ची के कपड़े, हत्या में इस्तेमाल हुई मोपेड व एक साइकिल तो बरामद हो गयी मगर अभी तक बच्ची का शव नहीं मिला। बताया जाता है कि पूरी रात हत्यारोपी पति पत्नी ने पुलिस को गुमराह करते हुए पहले पूरे जंगल में यह कहते हुए धुमवाया कि उन्होंने बच्ची को जंगल में फेंक दिया था तो कभी तांत्रिक वाली बात कही गयी, मगर बाद में घुमा-फिराकर पुलिस को यह कह दिया कि उन्होंने बच्ची को नहर में फेंक दिया है। जंगलों में डॉग स्क्वायड से तलाश कराने के बाद अब पुलिस नहर से बच्ची का शव बरामद करने में जुटी है।

## सचमुच तंत्र क्रिया हुई है या गोपाल और ममता पुलिस को कर रहे गुमराह

**मुजफ्फरनगर।** देर रात जब दूधमुंही बच्ची की हत्या की सूचना मिली तो पुलिस को यह भी सूचना प्राप्त हुई कि कोई हरेन्द्र नामक तांत्रिक माता-पिता के सम्पर्क में है और उसी के कहने पर जिन्न का साया खत्म करने की बात कहकर तांत्रिक ने ममता व गोपाल को नरबलि देने के लिए कहा था। इसी के चलते माना जा रहा था कि दोनों पति पत्नी ने तांत्रिक के कहने पर उक्त घटना को अंजाम दिया है। जब पुलिस ने इस मामले में कादीपुरा निवासी कथित तांत्रिक हरेन्द्र को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने साफ शब्दों में कह दिया कि वे उस पर झूठा अंजाम लगा रहे हैं और जब वे अपनी बच्ची को उसके पास लाए थे तो बच्ची मृत अवस्था में थी और बच्ची कहां गयी इस मामले में उसे कोई जानकारी नहीं है। फिलहाल पुलिस ने कथित तांत्रित हरेन्द्र को छोड़ दिया है।

# पटाखों पर प्रशासन का छापामारी का धमाका जारी

## आदर्श कॉलोनी के गोदाम में निशांक जैन के यहां से पकड़े गए दो कुन्तल पटाखे

**मुजफ्फरनगर, 10 अक्टूबर (बु.)।** अवैध रूप से पटाखा रखने वालो पर लगातार प्रशासन की छापामारी जारी है। पिछले दस दिनों में कभी बुढ़ाना, कभी दाल मण्डी, कभी खतौली तो अब नई मण्डी थाना क्षेत्र के आदर्श कॉलोनी में सीएफओ व नई मण्डी सीओ रुपाली राय ने आदर्श कॉलोनी के एक घर में सूचना पर छापामारी की। पुलिस को सूचना मिली थी कि आदर्श कॉलोनी के एक मकान में अवैध रूप से कई कुन्तल पटाखे का भण्डारण किया हुआ है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जब छापामारी की तो पुलिस को मिली सूचना पुख्ता निकली। निशान्त जैन नाम के व्यक्ति द्वारा उक्त मकान में पटाखों का भण्डारण किया गया था और जब निशान्त जैन से लाइसेंस मांगा गया तो वह लाइसेंस नहीं दिखा पाया। अपनी कार्यवाही को अंजाम देते हुए पुलिस ने सारा पटाखा जब्त कर लिया।



जब्त पटाखे दो कुन्तल के लगभग बताई गयी, जिसकी कीमत लाखों रुपये में है। मकान मालिक के खिलाफ विस्फोटक अधिनियम की धारा में रिपोर्ट दर्ज कर ली गयी है।

# पांच करोड़ की हेराफेरी में नब्बे लाख टैक्स चोरी

- जीएसटी ने की सिग्मा कॉस्मोस स्टील्स पर छापामार कार्यवाही
- फैक्ट्री के तमाम कागजात जीएसटी टीम ने कब्जे में लिए

**मुजफ्फरनगर, 10 अक्टूबर (बु.)।** गत दिवस दोपहर में शुरू हुई सिग्मा कॉस्मोस स्टील्स, राणा चौक पर जीएसटी टीम की रेड आज दोपहर बाद तक जारी रही। करीब पंद्रह घंटे तक चली जांच में स्टेट जीएसटी की एसआईबी टीम द्वारा करीब पांच करोड़ की बिलिंग में हेराफेरी पकड़ते हुए नब्बे लाख रुपये कर चोरी का अनुमान लगाया है।

सिग्मा कॉस्मोस स्टील्स द्वारा लोहे के गर्डर, एंगल, पत्ती इत्यादि का निर्माण और बिक्री की जाती है। कल दोपहर शुरू हुई जांच आज पूरी हुई। इस दौरान अधिकारियों द्वारा स्टॉक और लेखापुस्तकों को खंगाला गया। वाणिज्यकर विभाग के ज्वाइंट कमिश्नर ज्योति स्वरूप शुक्ला ने बताया कि जांच के दौरान स्टॉक में भारी गड़बड़ी मिली और विभिन्न ऐसे कागजात मिले जिनसे लेखा पुस्तकों के बाहर भारी मात्रा में बिक्री किए जाने की बात प्रकाश में आई। एसआईबी की जांच में सामने आया कि व्यापारी वास्तविक उत्पादन और बिक्री को छुपाकर कर चोरी कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि प्रथम दृष्टया लगभग 5 करोड़ रुपये के टर्नओवर पर कर जमा करने में गड़बड़ी मिली है। इस पर 90 लाख टैक्स बनता है। जांचकर्ता टीम कर चोरी से संबंधित कागजातों को अपने कब्जे में लेकर कार्यालय ले आई। इसके आगे कागजों के आधार पर विस्तृत जांच की जा रही है। जांच के बाद कर चोरी का अंतिम निर्धारण किया जाएगा।



## शराब पर कर चोरी रोकेंगे जीएसटी और आबकारी विभाग

**मुजफ्फरनगर, 10 अक्टूबर (बु.)।** त्योहारों के दृष्टिगत शराब के अवैध परिवहन को रोकने के लिए स्टेट जीएसटी तथा आबकारी विभाग की संयुक्त बैठक में कर चोरी रोकने पर चर्चा की गई। बैठक में जीएसटी विभाग के ज्वाइंट कमिश्नर ज्योति स्वरूप शुक्ला और जिला आबकारी अधिकारी राकेश बहादुर सिंह सहित जीएसटी एवं आबकारी विभाग के अधिकारी गण मौजूद रहे। संयुक्त बैठक के बाद जल्द ही आबकारी विभाग व जीएसटी विभाग शराब पर कर चोरी के लिए संयुक्त कार्यवाही करेंगे।

# नीचे गड्ढे ऊपर अंधेरा, ऐ शहर क्या होगा तेरा

- भोपा रोड, गांधी कॉलोनी व जानसठ रोड पुलों के साथ सड़कों पर छाया अंधेरा
- दशहरा मेलों के दौरान अंधेरी सड़कों पर कोई हरकत ना कर दें असामाजिक तत्व

**मुजफ्फरनगर, 10 अक्टूबर (बु.)।** त्यौहारी सीजन शुरू हो चुका है। नवरात्र पर तमाम आयोजन हो रहे हैं। दुर्गा अष्टमी और नवमी के साथ विजय दशमी का पर्व भी मनाया जाएगा। ऐसे में शहर में तमाम स्थानों पर स्ट्रीट लाइट बंद हैं। मुख्यमंत्री के आदेश के बावजूद शहर में गड्ढों को भरने की कोई योजना नजर नहीं आ रही है। ऐसे में तमाम स्थानों पर नीचे गड्ढेदार सड़कों और ऊपर बंद स्ट्रीट लाइटों के कारण अंधेरे के बीच लोगों को गुजरना पड़ रहा है। शहर में भोपा रोड पुल, गांधी कॉलोनी और जानसठ रोड पुलों की खराब पड़ी स्ट्रीट लाइटों पर पालिका का कोई ध्यान नहीं है। दशहरे के मेले के मौके पर अंधेरी सड़कों पर असामाजिक तत्व कोई हरकत कर सकते हैं, इससे पालिका का कोई लेना देना नहीं है।

विगत दिनों मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उच्च स्तरीय बैठक और वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए शहरों में चौबीस घंटे बिजली, पर्याप्त पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करने के साथ सड़कों के गड्ढे प्राथमिकता से भरने के आदेश दिए थे। जिले में इन आदेशों पर कोई अमल होता नजर नहीं आ रहा है। बिजली कब आएगी कब जाएगी इसका कोई अता पता नहीं है। शहर की तमाम गड्ढेदार सड़के मुख्यमंत्री के आदेश पर अमल का इंतजार कर रही हैं। पालिका के पास इसके लिए फुर्सत ही नहीं है। स्ट्रीट लाइट का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि मुख्य मार्गों तक पर अंधेरा छाया है। शाम ढलने के बाद यहां अंधेरे का सफर शुरू हो जाता है। अनेक बाद पालिका के संज्ञान में लाए जाने के बावजूद इन समस्याओं पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है। हालत यह है कि गांधी कॉलोनी पुल पर कुछ दिनों पहले तक आधी अधूरी लाइटें जल रही थीं, दो दिन से यह भी बंद हैं। पुल की पूरी सड़क शाम होते ही घनघोर अंधेरे में डूब जाती है। जानसठ रोड पुल की स्थिति भी कुछ अलग नहीं है। लंबे समय से यह पुल अंधेरे में डूबा है। भोपा रोड पुल की स्थिति भी ऐसी ही है। यहां तो पालिका का बहाना है कि पुल पर पटरी का निर्माण कार्य चल रहा है। इसे चलते भी लंबा समय हो गया है। पुल की छोड़िए आगे भोपा रोड पर भी स्ट्रीट लाइट की स्थिति ऐसी ही है। ऐसे में पालिका का पथ प्रकाश विभाग निकम्मेपन की पराकाष्ठा पर है। यही कारण है कि नवरात्र और विजय दशमी जैसे त्यौहारों पर भी पालिका ना तो सड़कों के गड्ढे भरवा पाई है और ना ही स्ट्रीट लाइट दुरुस्त करा पाई है। विजयदशमी पर शहर में तमाम स्थानों पर मेलों का आयोजन होगा, ऐसे में असामाजिक तत्व अंधेरे का फायदा उठाकर कोई हरकत कर दें तो इसके लिए कौन जिम्मेदार होगा। ऐसी हरकतें शहर पहले देख भी चुका है, जब दशहरा मेला देखकर लौट रही महिलाओं के साथ मेरठ रोड पर असामाजिक तत्वों ने भयंकर बदसलूकी और बलात्कार का प्रयास तक किया था। अब दशहरे में एक दिन बाकी है, ऐसे में पालिका से कुछ ज्यादा उम्मीद करना बेमानी ही है।



## माँ दुर्गा की नौवीं शक्ति

**।।सिद्धिदात्री।।**



सिद्धगन्धर्वयक्षाद्यैरमरैरपि।
सेव्यमाना सदा भूयात सिद्धिदा सिद्धिदायिनी।।

शेष : पृष्ठ-4 पर

# रतन टाटा के अंतिम दर्शन करने उमड़ा सैलाब, भारत रत्न देने की मांग

**मुंबई, 10 अक्टूबर (एजेंसी)।** देश के सबसे बड़े उद्योगपति रतन टाटा का पारसी परंपरा के साथ अंतिम संस्कार कर दिया गया। उनका बुधवार रात को मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में निधन हो गया था। एनसीपीए ग्राउंड में उनके अंतिम दर्शन के लिए सैलाब उमड़ पड़ा। देश के सभी वर्गों के मसीहा कहे जाने वाले रतन टाटा का राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। श्रद्धांजलि कार्यक्रम के दौरान एक अनोखी तस्वीर देखने को मिली, जिसमें एक पंक्ति से हिंदू पंडित, मुस्लिम इमाम, सिख गुरू और ईसाई पादरी भी मौजूद दिखे। रतन टाटा के निधन पर देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह समेत देश की तमाम हस्तियों ने शोक जताया। उद्योग, फिल्म, राजनीति से लेकर कई केंद्रीय मंत्री, राज्यपाल और मुख्यमंत्री रतन टाटा को आखिरी विदाई देने पहुंचे। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस भी रतन टाटा को अंतिम श्रद्धांजलि अर्पित करने पहुंचे। उन्होंने कहा कि रतन टाटा जी को हमेशा देशभक्ति और ईमानदारी के प्रतीक के रूप में याद किया जाएगा। दुनिया भर में सम्मानित एक उद्योगपति के रूप में, उन्होंने टाटा समूह को वैश्विक स्तर पर प्रसिद्धि दिलाई। उनका जीवन और राष्ट्र के प्रति प्रतिबद्धता भारत के औद्योगिक परिदृश्य में एक ध्रुव तारे के रूप में खड़ी है। रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी, रिलायंस फाउंडेशन की संस्थापक-चेयरपर्सन नीता अंबानी ने मुंबई में रतन टाटा को अंतिम श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके अलावा उद्योग जगत की तमाम हस्तियों ने रतन टाटा को नमन किया। एनसीपीए ग्राउंड में रतन टाटा अंतिम दर्शन के लिए सैलाब उमड़ पड़ा। रिलायंस रिटेल वेंचर्स लिमिटेड की कार्यकारी निदेशक ईशा अंबानी और पीरामल समूह के कार्यकारी निदेशक आनंद पीरामल ने रतन टाटा को अंतिम श्रद्धांजलि दी। राज ठाकरे, अभिषेक मनु सिंघवी, आदित्य बिरला समूह के चेयरमैन कुमार मंगलम बिरला, शरद पवार, सचिन तेंदुलकर भी उनको श्रद्धांजलि देने पहुंचे। फिल्म अभिनेता आमिर खान और फिल्म निर्देशक किरण राव ने एनसीपीए ग्राउंड पहुंचकर रतन टाटा को श्रद्धांजलि दी। फिल्म निमार्ता आमिर खान ने कहा कि यह देश के लिए दुखद दिन है। उद्योगपतियों में गौतम अदाणी, आनंद महिंद्रा सरीखे लोगों ने भी टाटा को देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ करार दिया।



## रतन टाटा को श्रद्धांजलि अर्पित करने आया पालतू कुत्ता

**मुंबई।** रतन टाटा का पालतू कुत्ता भी उनके अंतिम दर्शन करने आया। खास बात यह रही कि जब पालतू कुत्ता उद्योगपति के पार्थिव शरीर के पास पहुंचा तो वहीं चिपक कर बैठ गया। उसके देखभालकर्ता ने कई बार उसे वहां से हटाने की कोशिश की, लेकिन वह नहीं हटा।

## बंद हुए हेमकुंड साहिब के कपाट

**ज्योतिर्मठ (चमोली)।** हेमकुंड साहिब में स्थित लक्ष्मण लोकपाल मंदिर के कपाट बृहस्पतिवार को सुबह 10 बजे शीतकाल के लिए बंद कर दिए गए। कपाट बंद होने से पहले पुजारी भगवती पांडे ने मंदिर में कई पूजाएं संपन्न कीं। भ्यूंडार गांव से पहुंचे भक्तगणों ने लक्ष्मण मंदिर में पूजा-पाठ किया। इसके बाद हेमकुंड साहिब के कपाट बंद हुए। दोपहर साढ़े 12 बजे साल की अंतिम अरदास पढ़ी गई।

ॐ शांति

न जायते म्रियते वा कदाचिन्नायं भूत्वा भविता वा न भूयः।
अजो नित्यः शाश्वतोऽयं पुराणो न हन्यते हन्यमाने शरीरे।।

शोक संदेश



रस्म पगड़ी

अत्यंत दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारे पूज्य पिताजी

स्व. श्री राधेश्याम मिश्रा

का स्वर्गवास मंगलवार, दिनांक 01 अक्टूबर 2024 को हो गया है।
आप जीवनभर परिवार और समाज के प्रति समर्पित रहे। आपने मौन सेवा को ही अपना धर्म माना था।
अपनी जन्मभूमि लोसल (सीकर) से आप अन्तिम समय तक जुड़े रहे
और अपनी कर्मभूमि मुजफ्फरनगर की हमेशा वन्दना की।

शनिवार, दिनांक 12 अक्टूबर 2024
ब्रह्मभोज- सुबह 11 बजे
रस्म पगड़ी-दोपहर 2 बजे

स्थानः देवलोक पैलेस, अलमासपुर रोड, मधुर मिलन बैंकेट के सामने, कूकड़ा चौक, मुजफ्फरनगर

शोकाकुल परिवार
तारामणी मिश्रा (धर्मपत्नी)
संजय मिश्रा-नीतु मिश्रा (पुत्र व पुत्रवधु)
गीता-राधेश्याम तिवारी (बहन- जीजाजी)
डॉ. अनुराधा शर्मा-धीरेन्द्र शर्मा (पुत्री-दामाद)
कृष्णा ओझा- मधुसूदन ओझा (पुत्री-दामाद)
सुमन शर्मा-अमितेन्द्र शर्मा (पुत्री दामाद)
राघव मिश्रा (पौत्र) तनुश्री मिश्रा (पौत्री)
हिमांशु, केशव (दोहिता)
सिद्धि, पीहु (दोहिती)

संजय मिश्रा
अध्यक्ष- संयुक्त व्यापार संघ संघर्ष समिति
अध्यक्ष- नवीन मंडी व्यापार संघ
अध्यक्ष- भा.वि.प. मेंन शाखा
सम्पर्क सूत्रः
9412211486, 7417011486

निवेदक
बंसल, जगदीश
परमेश्वर, भंवर लाल
मनोज (भतीजा)
समस्त मिश्रा परिवार

प्रतिष्ठान
मै० नागरमल राधेश्याम
मै० राधेश्याम ट्रेडिंग कंपनी
मै० लक्ष्य ट्रेडर्स



संस्थापक सम्पादक एवं हमारे प्रेरणास्रोत स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

मुजफ्फरनगर बुलेटिन

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रातःकालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
सम्पादक-अंकुर दुआ
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com



1973-2024

सम्पादक की क़लम से

## व्यापार और परोपकार के रत्न

व्यापार और परोपकार के रत्न, भारत का गौरव रतन टाटा, अब हमारे बीच नहीं रहे, लेकिन उनके पुरुषार्थ, परमार्थ और सादगी की कथाएँ सदियों तक रहेंगी। उनके पास दो जर्मन शैफर्ड कुत्ते होते थे 'टीटो' और 'टैंगो' जिन्हें वो बेइंतहा प्यार करते थे। कुत्तों से उनका प्यार इस हद तक था कि जब भी वो अपने दफ़्तर बॉम्बे हाउस पहुंचते थे, सड़क के आवारा कुत्ते उन्हें घेर लेते थे और उनके साथ लिफ़्ट तक जाते थे। इन कुत्तों को अक्सर बॉम्बे हाउस की लॉबी में टहलते देखा जाता था, जबकि मनुष्यों को वहाँ प्रवेश की अनुमति तभी दी जाती थी, जब वो स्टाफ के सदस्य हों या उनके पास मिलने की पूर्व अनुमति हो। रतन टाटा की सादगी के अनेक किस्से मशहूर हैं, 6 फरवरी, 2018 को ब्रिटेन के राजकुमार चार्ल्स को बकिंघम पैलेस में रतन टाटा को परोपकारिता के लिए 'रौकफेलर फाउंडेशन लाइफटाइम अचीवमेंट' पुरस्कार देना था। लेकिन समारोह से कुछ घंटे पहले रतन टाटा ने आयोजकों को सूचित किया कि वो वहाँ नहीं आ सकते क्योंकि उनका कुत्ता टीटो अचानक बीमार हो गया है। जब चार्ल्स को ये कहानी बताई गई तो उन्होंने कहा ये असली मर्द की पहचान है। अगर वो मुंबई में होते थे, तो वो अपना सप्ताहाँत अलीबाग के अपने फार्म हाउस में बिताते थे। उस दौरान उनके साथ कोई नहीं होता था, सिवाए उनके कुत्तों के। उनको न तो घूमने का शौक था और न ही भाषण देने का। उनको दिखावे से चिढ़ थी। बचपन में जब परिवार की रोल्स-रॉयस कार उन्हें स्कूल छोड़ती थी, तो वो असहज हो जाते थे। रतन टाटा को नजदीक से जानने वालों का कहना है कि ज़िद्दी स्वभाव रतन की खानदानी विशेषता थी, जो उन्हें जेआरडी और अपने पिता नवल टाटा से मिली थी। कूमी कपूर अपनी किताब 'एन इंटिमेट हिस्ट्री ऑफ पारसीज' में लिखती हैं, रतन ने मुझसे खुद स्वीकार किया था कि वो अपनी निजता को बहुत महत्व देते हैं। वो कहते थे शायद मैं बहुत मिलनसार नहीं हूँ, लेकिन असामाजिक भी नहीं हूँ। रतन टाटा सादगी और सुचिता का उदाहरण रहे। उन्होंने कूमी कपूर को दिए इंटरव्यू में बताया कि उन दिनों विदेश में पढ़ने के लिए रिजर्व बैंक बहुत कम विदेशी मुद्रा इस्तेमाल करने की अनुमति देता था। मेरे पिता कानून तोड़ने के हक में नहीं थे, इसलिए वो मेरे लिए ब्लैक में डॉलर नहीं खरीदते थे। इसलिए अक्सर होता था कि महीना खत्म होने से पहले मेरे सारे पैसे खत्म हो जाते थे। कभी कभी मुझे अपने दोस्तों से पैसे उधार लेने पड़ते थे। कई बार तो कुछ अतिरिक्त पैसे कमाने के लिए मैंने बर्तन तक धोए। रतन मात्र 10 साल के थे, जब उनके माता-पिता के बीच तलाक हो गया। जब रतन 18 वर्ष के हुए तो उनके पिता ने एक स्विस महिला सिमोन दुनोयर से शादी कर ली। उधर उनकी माता ने तलाक के बाद सर जमसेतजी जीजीभॉय से विवाह कर लिया। रतन को उनकी दादी लेडी नवाजबाई टाटा ने पाला। रतन अमेरिका में सात साल रहे, वहाँ कॉर्नेल विश्वविद्यालय से उन्होंने स्थापत्य कला और इंजीनियरिंग की डिग्री ली। लॉस एंजिलिस में उनके पास एक अच्छी नौकरी और शानदार घर था, लेकिन उन्हें अपनी दादी और जेआरडी के कहने पर भारत लौटना पड़ा। इस वजह से उनकी अमेरिकी गर्लफ़्रेंड के साथ उनका रिश्ता आगे नहीं बढ़ सका। रतन टाटा अविवाहित रहे। आरम्भ में रतन टाटा की व्यावसायिक बुद्धिमत्ता पर लोगों ने कई सवाल उठाए, लेकिन सन 2000 में उन्होंने अपने से दोगुने बड़े ब्रिटिश 'टेटली' समूह का अधिग्रहण कर लोगों को चकित कर दिया। आज टाटा की ग्लोबल बेवेरेजेस दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी चाय कंपनी है। इसके बाद उन्होंने यूरोप की दूसरी सबसे बड़ी इस्पात निमार्ता कंपनी 'कोरस' को खरीदा। आलोचकों ने इस सौदे की समझदारी पर सवाल उठाए, लेकिन टाटा समूह ने इस कंपनी को लेकर एक तरह से अपनी क्षमता का प्रमाण दिया। सन 2009 के दिल्ली ऑटो एक्सपो में उन्होंने पीपुल्स कार 'नैनो' का अनावरण किया जो एक लाख रुपए की कीमत पर उपलब्ध थी। नैनो से पहले 1998 में टाटा मोटर्स ने 'इंडिका' कार बाजार में उतारी थी, जो भारत में डिजाइन की गई पहली कार थी। शुरू में ये कार असफल रही और रतन ने इसे फोर्ड मोटर कंपनी को बेचने का फैसला किया। जब रतन डिट्रॉएट गए तो बिल फोर्ड ने उनसे पूछा कि उन्होंने इस व्यवसाय के बारे में पर्याप्त जानकारी के बिना इस क्षेत्र में क्यों प्रवेश किया? उन्होंने टाटा पर ताना मारा कि अगर वो 'इंडिका' को खरीदते हैं तो वो भारतीय कंपनी पर बड़ा उपकार करेंगे। इस व्यवहार से रतन टाटा की टीम नाराज हो गई और बातचीत पूरी किए बिना वहाँ से चली आई। एक दशक बाद हालात बदल गए और फोर्ड कंपनी गहरे वित्तीय संकट में फंस गई और उसने ब्रिटिश विलासिता की 'जैगुआर' और 'लैंडरोवर' को बेचने का फैसला किया। तब बिल फोर्ड ने स्वीकार किया कि भारतीय कंपनी फोर्ड की लक्जरी कार कंपनी खरीदकर उस पर बड़ा उपकार करेगी। रतन टाटा ने 2.3 अरब अमेरिकी डॉलर में इन दोनों नामचीन ब्रांड्स का अधिग्रहण किया। जब भारत में कोविड महामारी फैली तो रतन टाटा ने तत्काल 500 करोड़ रुपए टाटा न्यास से और 1000 करोड़ रुपए टाटा कंपनियों के माध्यम से महामारी और लॉकडाउन के आर्थिक परिणामों से निपटने के लिए दिए। खुद को गंभीर जोखिम में डालने वालों डॉक्टरों और स्वास्थ्यकर्मियों के रहने हेतु अपने लक्जरी होटलों के इस्तेमाल की पेशकश करने वाले पहले शख़्स भी रतन टाटा ही थे। आज भी भारतीय ट्रक चालक अपने वाहनों के पिछले हिस्से पर 'ओके टाटा' लिखवाते हैं, ताकि ये पता चल सके कि ये ट्रक टाटा का है, इसलिए भरोसेमंद है। टाटा के पास एक विशाल वैश्विक फुटप्रिंट भी है। ये 'जैगुआर' और 'लैंडरोवर' कारों का निर्माण करता है और 'टाटा कंसलटेंसी सर्विसेज' दुनिया की नामी सॉफ़्टवेयर कंपनियों में से एक है। इन सबको बनाने में रतन टाटा की भूमिका को हमेशा याद रखा जाएगा। ऐसी ही विभूतियों के लिए किसी शायर ने कहा है-

दोस्ती की हसीं दासताँ छोड़ जा, मीठी-मीठी सी यादें यहाँ छोड़ जा,
खुशबुएँ छोड़ जा, रौनकें छोड़ जा, अपने होने के अच्छे निशाँ छोड़ जा।
इससे पहले के मिट्टी से मिट्टी मिले, इससे पहले के ये तन तुझे छोड़ दे,
लोग आएं तेरे गुण का चर्चा करें, खूबसूरत बना कर जहाँ छोड़ जा।

## टूटी सड़क, सुरक्षा व कानून व्यवस्था को लेकर विचार मंथन



**मुजफ्फरनगर, 10 अक्टूबर (बु.)।** विकास भवन सभागार में संपन्न बैठक में जिले के प्रभारी मंत्री डॉ. सोमेन्द्र तोमर ने टूटी सड़कों की मरम्मत व नई सड़कों के प्रस्ताव को लेकर अधिकारियों संग मंथन किया। उन्होंने सड़कों को गड्ढा मुक्त किए जाने के साथ जहां पर सड़कों का निर्माण कार्य अपूर्ण है उसे शीघ्र अतिशीघ्र पूर्ण किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने आगामी त्यौहारों के चलते रोस्टर के अनुसार विद्युत आपूर्ति के अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए। योगी सरकार की पहल पर प्रदेश में सड़कों को गड्ढामुक्त किए जाने के साथ जनपद के अंतर्गत सड़कों की मरम्मत व नई सड़कों के प्रस्ताव के संबंध में अफसरों के साथ बैठक की गई। बैठक में प्राप्त प्रस्तावों पर चर्चा करते हुए जहां प्रभारी मंत्री ने जरुरी कार्यवाही करने के अधिकारियों को निर्देश दिए। वहीं प्रभारी मंत्री, राज्य मंत्री, उर्जा एवं वैकल्पिक ऊर्जा विभाग डॉ. सोमेंद्र तोमर ने प्रशासनिक अधिकारियों और जन प्रतिनिधियों के साथ आगामी त्यौहारो, सड़क सुरक्षा तथा कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि त्यौहारों के दृष्टिगत सडकों को गड्ढा मुक्त किया जाये, जिससे आमजन को आने-जाने में किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। वहीं जहां पर सडकों का निर्माण कार्य अभी अपूर्ण है उन्हें शीघ्र अतिशीघ्र पूर्ण किया जाये। त्यौहारों पर प्रभारी मंत्री ने रोस्टर के अनुसार विद्युत आपूर्ति कराए जाने के निर्देश दिए। बैठक में राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल, विधायक राजपाल बालियान, डीएम उमेश मिश्रा, एसएसपी अभिषेक सिंह, सीडीओ संदीप भागिया समेत सभी विभागीय अधिकारी उपस्थित रहें।

## हिन्दू संगठनों ने शस्त्र पूजन कर दिया एकता पर बल

**मुजफ्फरनगर, 10 अक्टूबर (बु.)।** गुरूवार को अखिल भारत हिंदू महासभा व अखिल भारतीय हिंदू एकता दल ने 21वां शस्त्र पूजन कार्यक्रम धूमधाम के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में स. सतपाल सिंह मान, शिवसेना मंडल अध्यक्ष लोकेश सैनी, हिंदू नेता राजकुमार गोयल, भाजपा व व्यापारी नेता शलभ गुप्ता, शशांक, पायल, राजेश भाटिया आदि ने संयुक्त रूप से प्रभु श्री राम के चरणों में पुष्प अर्पित कर शास्त्रों पर तिलक कर व कलावा बांधकर किया। अध्यक्षता जिला अध्यक्ष डॉ. सतीश कुमार व सुरेंद्र मित्तल ने संचालन किया। कार्यक्रम में पधारे अतिथियों व कार्यकर्ताओं का जिला प्रभारी योगेश शर्मा ने तिलक लगाकर स्वागत किया। हिंदू नेताओं ने कहा कि हम सनातन धर्म को शास्त्रों के साथ-साथ शस्त्रों का ज्ञान होना जरूरी है क्योंकि समय की स्थिति को देखते हुए सभी सनातनियों को मोबाइल जैसी चीजों पर ज्यादा इनवेस्टमेंट ना कर अपनी व अपने परिवार की सुरक्षा हेतु शस्त्रों को भी अपनाना चाहिए। हमारे देवी देवताओं के हाथों में गीता व शंख के साथ-साथ चक्र-गदा भी होती है। सुरेंद्र मित्तल ने कहा कि यह असत्य पर सत्य की विजय का पर्व है ऐसे में हमें पपियो का नाश करने एवं हिंदुत्व की रक्षा के लिए जात बिरादरी को भुलाकर एक साथ मिलकर कार्य करना होगा। गौरव, भोला, बिट्टू, दीपू, विकास, रोहित, रचित गोयल, अभी वर्मा, सनी राजपूत व राजू पाल मौजूद रहे।



Shri Girdhari Lal Jain Memorial Public School
73, Prempuri, New Idgah, Muzaffarnagar (M. 9012205377)
(An Anglo-Indian School)
REQUIRES
Female Teachers For the following Subjects I to VI Classes.
1. English
2. Social Studies
3. Hindi
4. Mathematics
Walk in with a self written application
between 9 AM to 12 NOON

### चार तीर

सुनील उत्सव

**"जिन्दगी" "बेवकूफी" "बदहवासी" "बोली"**

बौखलाते, फड़फड़ाते एंकरों को देखिए,
बदहवासी, जिन्दगी का एक हिस्सा बन गयी।
राजनेताओं की बोली कह रही है साफ-साफ,
बेवकूफी, जिन्दगी का एक हिस्सा बन गयी।

## 12 लोगों की गिरफ्तारी न होने पर अमीनों ने सीओ को दिया ज्ञापन

**बुढ़ाना, 10 अक्टूबर (बु.)।** अमीनों पर हमला करने वाले 12 अन्य लोगों की गिरफ्तारी न होने पर अमीनों ने आज गुरुवार को मात्र मीटिंग करके सीओ बुढ़ाना को एक ज्ञापन दिया और चेतावनी दी कि अगर दीपावली से पूर्व ही सब आरोपी गिरफ्तार नहीं हुए तो समस्त अमीन एकजुट होकर दीपावली बाद कार्य का बहिष्कार करेंगे। सीओ बुढ़ाना गजेंद्र सिंह पाल को दिए ज्ञापन में अमीनों ने कहा है कि बुढ़ाना सर्किल के ग्राम बसी कलां में गत दिनों राजस्व टीम पर हुये हमले में फरार 3 लोग जेल चले गये जबकि अन्य 12 लोग जेल नहीं भेजे गये। इस सम्बन्ध में आज जिला कार्यकारिणी, तहसील बुढाना के अध्यक्ष व मंत्री आदि अमीनों की मीटिंग हुई। जिसमें कहा गया कि 03 अक्टूबर को राजस्व संग्रह अमीन संघ की मीटिंग में पारित प्रस्ताव जिसमें आपको बीते 3 अक्टूबर को प्रस्तुत किया गया और सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया था कि यदि आरोपियों पकड़े नहीं गये तो जिला संघ कार्य बहिष्कार कर धरना देगा। ज्ञापन देने वालों में अरविन्द शर्मा जिलाध्यक्ष राजस्व संग्रह अमीन संघ मुजफ्फरनगर, सुरेश पाल, मुनव्वर, प्रीतम सिंह, प्रमोशन, प्रमोद, राकेश और महेंद्र सैनी आदि अमीन थे। ये ज्ञापन एडीएम वित्त राजस्व, तहसीलदार और बुढ़ाना एसडीएम को भी भेजा गया है।

## शाहपुर में कल आकर्षण बनेगा लंकेश रावण का भीमकाय पुतला

**शाहपुर, 10 अक्टूबर (बु.)।** शाहपुर में एक बार फिर दशहरे का भव्य मेला आयोजित होगा इसके लिए श्री आदर्श रामलीला कमेटी एवं पुलिस प्रशासन द्वारा समस्त तैयारियां पूरी कर ली गई है दशहरे के मेले में इस बार रावण का भीमकाय पुतला आकर्षण का केंद्र होगा।

गौरतलब है कि शाहपुर का दशहरा मेला जनपद ही नहीं बल्कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में अपना विशेष स्थान रखता है यहां आस-पास के कस्बों के साथ-साथ सैकड़ों गांवों के लोग अधर्म पर धर्म की विजय को देखने पहुंचते हैं इसके अलावा रामलीला मैदान में अहिरावण वध की लीला का मंचन होता है मेला मैदान में एक दिन पहले स्टाल ही लगने शुरू हो गए है। एसपी देहात आईपीएस आदित्य बंसल एवं सीओ गजेन्द्र सिंह ने दशहरा मेले के मैदान का निरीक्षण कर अपने अधीनस्थों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। पहली बार पूरे मेले की ड्रोन कैमरे से निगरानी की जाएगी तथा मचान स्थापित कर उसे पर पुलिसकर्मी मेले की वीडियो ग्राफी भी करेंगे। दशहरे मेले को लेकर पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के चाक-चौबंद प्रबंध किए हैं थाना प्रभारी सुनील कसाना ने बुलेटिन को बताया कि मेले में सुरक्षा की दृष्टि से थाना पुलिस के साथ-साथ आसपास के थानों का पुलिस बल एवं पीएसी तैनात रहेगी इसके अलावा असामाजिक तत्व पर नजर रखने हेतु मेले की वीडियोग्राफी भी कराई जाएगी। जनपद के आला अफसरों ने भी शाहपुर के दशहरे मेले में सुरक्षा की समीक्षा की है। उधर श्री आदर्श रामलीला कमेटी के प्रबंधक बालेश सिंघल ने बुलेटिन को बताया कि कस्बे में कल दशहरा पर्व पर लगने वाले एकदिवसीय मेले की सभी तैयारियां पूरी हो गई है। रामलीला कमेटी के प्रबंधक बालेश सिंघल ने एसपी देहात ने थाना प्रभारी के साथ मेला स्थल पर पहुंचकर रूपरेखा बताई एसपी देहात ने अपने अधीनस्थों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए इस बार रावण के पुतले की सुरक्षा के साथ-साथ बेरीकेडिंग की जाएगी।

रामलीला मंचन स्थल पर भी यह व्यवस्था लागू होगी। कस्बे में दशहरा पर्व पर प्रति वर्ष एक दिवसीय मेले का आयोजन होता है। ग्रामीण अंचल के इस एक दिवसीय मेले में कस्बे सहित आसपास के दर्जनों गांवों के हजारों लोग शामिल होते है और रामलीला मैदान में श्रीराम व रावण का घोर युद्ध की रामलीला का मंचन होने के साथ रावण के पुतले का दहन देखते है। इसके अलावा मेले की प्रसिद्ध जलेबी, चाट के अलावा कलैंडर व मिट्टी के खिलोनों के अलावा तीर कमान एवं गदा आदि की जमकर खरीददारी करते है। दशहरा मेले की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। उधर सुरक्षा के मद्देनजर मेले में भारी पुलिस बल तैनात किया जाएगा। तहसीलदार प्रशासन ने भी मेला स्थल का निरीक्षण कर नगर पंचायत कर्मियों एवं पुलिस प्रशासन को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

### नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र संख्या 4741 दिनांक 18-04-2023 में गलती से पुत्र का नाम अलेक्जेंडर कैमरी (ALEXANDER KAIMARY) अंकित करा दिया गया है, जबकि वास्तविक नाम सात्विक सिंह (SATVIK SINGH) है। भविष्य में भी इसी नाम से जाना जायेगा। शुद्धिकरण हेतु शपथ पत्र सम्बंधित विभाग में प्रस्तुत किया जा रहा है।

**सिद्धार्थ सिंह पुत्र तीर्थपाल सिंह**
580-बसंत विहार, मुजफ्फरनगर

नौकरी ही नौकरी
स्कूल, कॉलेज व होटल के लिये सिक्योरिटी कम्पनी द्वारा सिक्योरिटी गार्डो की भर्ती की जा रही है।
--: सम्पर्क करें :--
मो. 8192899367

### कार्यालय मुजफ्फरनगर डिस्ट्रिक्ट को-ऑपरेटिव बैंक लि., मुजफ्फरनगर

मुख्यालय : कोर्ट रोड, मुजफ्फरनगर

निविदा विज्ञप्ति

पत्रांक : 9281-82/प्रशासन/2024-25 दिनांक : 09-10-2024

मुजफ्फरनगर डिस्ट्रिक्ट कोऑपरेटिव बैंक लि., मुजफ्फरनगर के ग्रामीण क्षेत्रों, तहसीलों में बैंक कार्य हेतु वाहन के रूप में स्कॉर्पियो वाहन एक वर्ष के लिए किराये पर लिया जाना है। वाहन किराये पर लिये जाने हेतु पंजीकृत निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदा की विस्तृत जानकारी एवं शर्तें बैंक की वेबसाइट पर https://muzaffarnagardcb.com पर भी उपलब्ध है। निविदा पत्र का प्रारूप, निर्धारित शुल्क, बैंक की मुख्य शाखा, मुजफ्फरनगर में जमा कराकर प्राप्त किये जा सकते हैं। धरोहर राशि एफ.डी.आर. के रूप में जो सचिव/मुख्य कार्य कार्यपालक अधिकारी, मुजफ्फरनगर डिस्ट्रिक्ट कोआपरेटिव बैंक लि., मुजफ्फरनगर के पक्ष में बन्धक हो, निविदा पत्र के साथ जमा करना अनिवार्य होगा।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | निविदा प्रपत्र का मूल्य राशि (रु. में) | धराहर राशि (रु. में) | निविदा जमा करने का अंतिम दिनांक एवं समय | तकनीकी निविदा खुलने का दिनांक व समय | वित्तीय निविदा खुलने का दिनांक व समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | स्कॉर्पियो (टॉप मॉडल एन-8 लग्जरी)/बोलेरो (टॉप मॉडल नियो एन-10) | 1000 | 20000 | दिनांक 21-10-2024 समय अपराह्न 5 बजे तक | दिनांक 23-10-2024 समय पूर्वाह्न 11 बजे तक | दिनांक 23-10-2024 समय अपराह्न 3 बजे तक |

उक्त निविदा की विस्तृत जानकारी एवं शर्तें कार्यालय समय में मुजफ्फरनगर डिस्ट्रिक्ट को आपरेटिव बैंक लि., मुजफ्फरनगर, मुख्यालय कोर्ट रोड, मुजफ्फरनगर कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। निविदा पत्र दिनांक 21-10-2024 तक कार्यालय समय में अवकाश के दिनों को छोड़कर बैंक की मुख्य शाखा, कोर्ट रोड, मुजफ्फरनगर से प्राप्त किये जा सकेंगे।

सचिव/
मुख्य कार्यपालक अधिकारी



# उद्योग जगत के दिग्गज रतन टाटा के निधन पर शोक



**मुजफ्फरनगर, 10 अक्टूबर (बु.)।** उद्योग जगत के दिग्गज एवं प्रमुख उद्योगपति स्वर्गीय रतन टाटा के निधन पर जनपद भर में शोक संवेदनाएं व्यक्त की गई। गुरूवार को नगर के मेरठ रोड पर स्थित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में आयोजित शोक सभा में प्रदेश के कौशल विकास मंत्री कपिलदेव अग्रवाल ने स्व. रतन टाटा को श्रद्धांजलि अर्पित की। उधर, जिले के प्रमुख उद्योगपतियों, अधिकारियों और छात्र-छात्राओं ने भी उनके प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त की। आईटीआई में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में प्रदेश सरकार में बतौर कौशल विकास राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि स्वर्गीय रतन टाटा के निधन से राष्ट्र को अपार क्षति पहुंची है। उन्होंने कहा कि रतन टाटा जी का जीवन एक वटवृक्ष की भांति था, जिन्होंने अपने साये में देश को उद्योग, शिक्षा और सेवा के अनगिनत क्षेत्रों को जीवन भर पोषित करता रहा। उनका यूं चले जाना एक ऐसा शून्य है, जिसे कभी भर पाना असंभव है। उन्होंने कहा कि उनकी इसी सोच और दृष्टिकोण ने देश की प्रगति की नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया। आज उनके द्वारा दिखाए गए रास्ते पर चलते हुए हम सभी को उनके आदर्शों को आगे बढ़ाना होगा। शोक सभा में उपस्थित सभी लोगों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और शोकाकुल परिवार को इस असहनीय दुःख को सहने की शक्ति देने की कामना की। शोक सभा में मुख्य रूप से उद्योगपति राजेश जैन, जगमोहन गोयल, आईआईए के अध्यक्ष पवन गोयल, नरेंद्र गोयल, योगेंद्र अग्रवाल, अजय अग्रवाल और अभिनव स्वरूप फैडरेशन ऑफ कॉमर्स के अरविंद कुमार, लघु उद्योग भारती के देवराज पंवार, उपायुक्त जिला उद्यम एवं प्रोत्साहन केंद्र जैसमिन, नोडल प्रधानाचार्य मुकेश प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।

# रावण दहन स्थलों का एडीएम प्रशासन ने किया स्थलीय निरीक्षण

**मुजफ्फरनगर, 10 अक्टूबर (बु.)।** नगर में विजयदशमी पर्व की शुरू तैयारियों के बीच सुरक्षा और शांति व्यवस्था को सुनिश्चित करने की दिशा में गुरूवार को एडीएम प्रशासन नरेन्द्र बहादुर सिंह और एसपी सिटी सत्य नारायण प्रजापत ने रावण दहन स्थलों का स्थलीय निरीक्षण किया। जिले में 52 स्थानों पर रावण के पुतलों का दहन किया जायेगा। शहर में निरीक्षण के दौरान दोनों अधिकारियों ने नुमाइश ग्राउंड, पटेल नगर, और गांधी कालोनी जैसे प्रमुख स्थलों का दौरा किया। उनके द्वारा रामलीला टिल्ला व एसडी कॉलेज मैदान का भी निरीक्षण किया, जहां श्रीराम लीला कमेटी द्वारा रावण दहन के दौरान मेलों का आयोजन किया जाता है। गुरूवार को विजयदशमी पर्व की तैयारियों को लेकर सड़कों पर निकले पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं कि रावण के पुतले की ऊँचाई मानक से अधिक न हो। वहीं पुतले में तीव्र आवाज में आतिशबाजी न लगाई जाए, इसके प्रति निर्देशित करते हुए उक्त स्थल पर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था हो,



पार्किंग की उचित व्यवस्था करने और जनता के इस बीच कार्यक्रम में आने-जाने के लिए सुचारू यातायात की व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए। इसके अलावा ही उन्होंने दमकल विभाग को निर्देश दिए कि किसी भी आपातकालीन स्थिति के लिए अग्निशमन यंत्र और गाड़ी के साथ ही आयोजन स्थल पर तैयार रहें। निरीक्षण के दौरान सभी स्थानों पर इस बीच



एडीएम प्रशासन नरेन्द्र बहादुर सिंह ने रामलीला कमेटी पदाधिकारियों से भी रावण दहन कार्यक्रम और सुरक्षा बंदोबस्त को लेकर चर्चा की। निरीक्षण के दौरान इस बीच क्षेत्राधिकारी नई मंडी रूपाली राव और अन्य पुलिस अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे, ताकि सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ किया जा सके और विजयदशमी पर्व शांति और सुरक्षित तरीके से संपन्न हो सकें।

# नाबालिग छात्रा से छेड़छाड़ का आरोपी गिरफ्तार, पुलिस ने अपने अंदाज में की खातिरदारी



**चरथावल, 10 अक्टूबर (बु.)।** पुलिस ने ट्यूशन जाती छात्रा के साथ छेड़छाड़ करने वाले आरोपी को दबोच लिया। पुलिस ने आरोपी की अपने अंदाज में खातिरदारी की। इसके बाद उसका चालान कर दिया गया। इस मामले में पीड़िता ने परिजनों के माध्यम से पुलिस को शिकायत दर्ज कराई थी। थाना चरथावल क्षेत्र के रसूलपुर रोड पर ट्यूशन जाती छात्रा से एक युवक छेड़छाड़ कर रहा था। छात्रा की साइकिल रोककर उसके साथ छेड़छाड़ करने की शिकायत थाना चरथावल पुलिस से की गई थी। पुलिस ने इस मामले में छेड़छाड़ करने वाले आरोपी रसूलपुर गांव निवासी अनमोल के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। मुकदमा दर्ज होने के महज 12 घंटे के अंदर ही चरथावल पुलिस ने आरोपी अनमोल को पावटी रोड पर बनी पानी की टंकी के पास से गिरफ्तार कर लिया। क्षेत्राधिकारी सदर राजू कुमार साव ने बताया कि आरोपी पर पोक्सो एक्ट व अन्य धाराओं के तहत कार्रवाई करते हुए उसका चालान किया गया है।

# खतौली से लापता चार वर्षीय शादान रामपुर से बरामद

## - खतौली डिपो की बस में बैठकर पहुंचा था मेरठ, सीसीटीवी फुटेज बनी पुलिस की मददगार

**खतौली, 10 अक्टूबर (बु.)।** अपने मासूम बच्चों से बिछड़ने से बिलखती मां के आंसू व पीड़ा के मर्म को समझते हुए कोतवाली पुलिस ने चार वर्ष के मासूम बच्चे को सकुशल बरामद कर मानवता की मिसाल कायम किये जाने की नागरिकों द्वारा सराहना की गई। मिली जानकारी के अनुसार नगर के मौहल्ला सर्राफान शराफत कालोनी निवासी शादाब का चार वर्षीय पुत्र शादान विगत चार दिन पूर्व अचानक उस समय लापता हो गया था जब शादान अपने घर के बाहर खेल रहा था। बच्चे का कोई सुराग न मिलने पर शादान की मां रूबीना पत्नी शादाब द्वारा अपने लापता पुत्र को लेकर कोतवाली में तहरीर देकर बरामदगी की गुहार लगाई गई थी। तहरीर के आधार पर बच्चे की बरामदगी को लेकर सीओ राम आशीष यादव व कोतवाली प्रभारी बृजेश शर्मा के निर्देशन में



एक पुलिस टीम का गठन किया गया। उप निरीक्षक विक्रान्त कुमार, सूर्यप्रताप सिंह के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा सर्वप्रथम सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई। फुटेज के आधार पर ज्ञात हुआ कि मकान के बाहर खेल रहा शादान गंगनहर पुल से जानसठ तिराहा से खतौली डिपो की बस में बैठकर मेरठ स्थित भैंसाली बस स्टैण्ड पहुंचा तथा बस से उतर जब शादान बस स्टैण्ड पर घूम रहा था तो वहां मौजूद पुलिस कर्मियों द्वारा लावारिस घूम रहे शादान को अभिरक्षा में लेकर नाम पता न मालूम होने पर शादान को सीडब्ल्यूसी मेरठ के सुपुर्द कर दिया गया। कोतवाली पुलिस के कथानुसार जहां से बच्चे को सीडब्ल्यूसी रामपुर भेज दिया गया। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि खतौली पुलिस टीम द्वारा सीसीटीवी फुटेज व अन्य पूछताछ सूत्रों के माध्यम से लापता शादान को रामपुर से सकुशल बरामद कर उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है।

## मेरठ में भीषण हादसे में भाई और दो बहनों की दर्दनाक मौत

**मेरठ, 10 अक्टूबर (एजेंसी)।** परीक्षितगढ़ थाना क्षेत्र में गाड़ी की टक्कर से बाइक सवार युवक और दो बहनों की मौत हो गई। तीनों किठौर के रहने वाले थे। रिश्तेदारी से वापस लौट रहे थे। आरोपी चालक मौके से गाड़ी लेकर फरार हो गया। जानकारी के अनुसार किठौर थाना क्षेत्र के खंद्रावली गांव की उस्मान कॉलोनी निवासी मोहम्मद नोमान की बेटी निदा परवीन (23), नेहा परवीन (21) और बेटा सैफ (19) परीक्षितगढ़ क्षेत्र में रिश्तेदारी में गए थे। गुरुवार को तीनों वापस लौट रहे थे। खन्द्रावली-पसवाड़ा मार्ग पर किसी गाड़ी ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। तीनों भाई-बहनों की मौके पर ही मौत हो गई। परिवार के तीन बच्चों की मौत के बाद परिवार के लोगों का रोते-रोते बुरा हाल हो गया।

# संजय चौहान का जन्मदिवस पर स्मरण



**मुजफ्फरनगर, 10 अक्टूबर (बु.)।** पूर्व सांसद स्व.संजय चौहान को आज उनके जन्म जयंती पर याद किया गया। नसीरपुर स्थित उनकी समाधि पर तमाम लोगों ने उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए। स्व.संजय चौहान की 63वीं जयंती पर नसीरपुर फार्म हाउस पर आज बड़ी संख्या में राजनीतिक, सामाजिक, धार्मिक और शैक्षिक संस्थाओं से जुड़े गणमान्य लोगों ने उन्हें पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उनके योगदान का स्मरण किया। उनके पुत्र बिजनौर सांसद चंदन चौहान तथा पुत्र वधु याशिका चौहान समेत तमाम लोगों ने समाधि पर पुष्प अर्पित किए। इस मौके पर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार, पूर्व मंत्री योगराज सिंह, पूर्व मंत्री धर्मवीर बालियान, अजित राठी, पूर्व विधायक सुखबीर सिंह, पूर्व विधायक सुदेश शर्मा, संजय राठी,मनु मलिक, डॉ.नरेश विश्वकर्मा, इरफान गूर्जर, परीक्षित चौहान, दीपक शर्मा, नंदन भारद्वाज, जगपाल गूर्जर, मौ.समी तेवड़ा और नरेंद्र बालियान आदि मौजूद रहे।

# जीआईसी में जिला स्तरीय किसान गोष्ठी व मेले का आयोजन





**मुजफ्फरनगर, 10 अक्टूबर (बु.)।** कृषि विभाग में संचालित फसल अवशेष प्रबन्धन योजना, त्वरित मक्का विकास कार्यक्रम व तिलहन योजनान्तर्गत राजकीय इंटर कॉलेज के मैदान में जनपद स्तरीय किसान गोष्ठी व मेले का आयोजन किया। मेले में अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष वीरपाल निर्वाल, डीएम उमेश मिश्रा, डीडी कृषि संतोष कुमार, वैज्ञानिक हंसराज समेत कृषि से जुडे विभागों के अधिकारियों, केवीके एवं गन्ना शोध संस्थान के वैज्ञानिकों के साथ जनपद के सभी विकास खण्ड से कृषकों ने प्रतिभाग किया। डीडी कृषि संतोष कुमार ने किसानों से फसल अवशेष जलाने के दुष्परिणामों से अवगत कराया तथा कृषि विभाग में संचालित योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराई। मेले में हंसराज वैज्ञानिक, केवीके द्वारा कृषि से सम्बन्धित तकनीकी जानकारी उपलब्ध कराते हुए जैविक खेती करने की सलाह दी। मेले में उपस्थित अन्य वैज्ञानिकों द्वारा कृषकों को कृषि से जुड़ी तकनीकी जानकारी के साथ-साथ फसलों में हो रही बीमारी, सह फसली, जल संरक्षण के सम्बन्ध में जानकारी उपलब्ध कराई गई। डीएम उमेश मिश्रा ने कृषकों को मिलेट्स श्री अन्न की फसलों की खेती करने व श्री अन्न से बने उत्पादों का प्रयोग करने की सलाह दी। कृषक उत्पादक संगठनों को श्रीअन्न से बने उत्पादों का निर्यात विभिन्न माध्यमों से करने की सलाह दी। जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल ने कृषकों को सम्बोधित करते हुए सह फसली खेती के माध्यम से कृषि आय में वृद्धि करने के साथ जमीन में जल की कमी के दृष्टिगत उन फसलों की बुवाई करने की सलाह दी जिससे जल संरक्षण हो। साथ ही फसलों के अवशेष जलाने के दुष्परिणामों के सम्बन्ध में कृषकों को अवगत कराते हुए फसलों के अवशेष को खाद के रूप में प्रयोग करने की सलाह दी। अन्त में डीडी कृषि संतोष कुमार द्वारा मेले में प्रतिभाग करने वाले मुख्य अतिथि एवं अधिकारियों एवं कृषकों का आभार प्रकट किया।

# सपा कांग्रेस को गाजियाबाद और मीरापुर की सीट देने को तैयार

**लखनऊ, 10 अक्टूबर (एजेंसी)।** समाजवादी पार्टी ने प्रदेश में कांग्रेस के साथ गठबंधन जारी रखने का एलान किया है। बृहस्पतिवार को सैफई में मुलायम सिंह यादव की दूसरी पुण्य जयंती के अवसर पर सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि सपा का कांग्रेस से प्रदेश के उपचुनाव में गठबंधन रहेगा और वे आइएनडीआइ गठबंधन का हिस्सा रहेंगे।

इसी के साथ उपचुनाव में शेष बची चार सीटों में कांग्रेस के लिए विचार करने के संकेत भी दे दिए। सूत्रों के मुताबिक समाजवादी पार्टी आरएलडी की दो सीटें कांग्रेस को देने के मूड में है। आरएलडी सपा गठबंधन में खैर और मीरापुर की सीटें लड़ी थी। सूत्रों के मुताबिक सपा कांग्रेस को गाजियाबाद सदर और मीरापुर की सीट देना चाहती है। कांग्रेस की तरफ से दबाव बना तो मीरापुर या खैर में से कोई एक सीट देने का फैसला भी हो सकता है। गाजियाबाद से कांग्रेस ने पिछला लोकसभा चुनाव लड़ा था। यही वजह है कि सपा गाजियाबाद सदर सीट कांग्रेस को दे सकती है। वहीं कांग्रेस बची हुई सभी चार सीटें सपा से मांग रही है।

## साहित्य के लिए नोबेल पुरस्कार दक्षिण कोरियाई लेखिका हान कांग को

**नई दिल्ली, 10 अक्टूबर (एजेंसी)।** साहित्य के क्षेत्र में 2024 के नोबेल पुरस्कार का एलान कर दिया गया है। रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेज के मुताबिक, इस साल यह सम्मान दक्षिण कोरियाई लेखिका हान कांग को दिया गया। उन्हें उनके गहन काव्यात्मक गद्य के लिए इस सम्मान से नवाजा गया। यह गद्य ऐतिहासिक आघातों और मानव जीवन की नाजुकता को उजागर करता है।

# माध्यमिक शैक्षिक प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाया दम



**मुजफ्फरनगर, 10 अक्टूबर (बु.)।** जनपद स्तरीय माध्यमिक विद्यालय बालक एवं बालिका शैक्षिक क्रीडा प्रतियोगिता नई मंडी के दीपचंद ग्रेन चैंबर इंटर कॉलेज में डीएम उमेश मिश्रा के सानिध्य में संपन्न हुआ। उन्होंने प्रतिभागियों को संघर्ष करते हुए आगे बढ़ने का संदेश दिया। मुख्य अतिथि चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने भी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए टीम भावना के साथ खेलने के प्रति प्रेरित किया। डीआईओ एस राजेश कुमार श्रीवास ने सभी विजेता प्रतिभागियों को मंडल स्तर पर जिले का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। बीएसए संदीप कुमार ने प्रतिभागियों को निरंतर आगे बढ़ाने की बधाई दी। इस दौरान शैलेंद्र कुमार त्यागी एवं क्रीड़ा अधिकारी भूपेंद्र यादव, डॉ. कंचन प्रभा शुक्ला व विजय शर्मा ने सभी के सहयोग के लिए आभार प्रकट किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में साथ संपन्न कार्यक्रम में स्कूली छात्राओं ने सुन्दर प्रस्तुति देते हुए वाहवाही लूटी। बालक वर्ग में मौ. शोएब त्यागी जय हिंद इंटर कॉलेज चरथावल व जूनियर बालिका वर्ग में अविका बालियान और विधि अमर नायक स्वामी राहुल सिंह राष्ट्रीय इंटर कॉलेज शाहपुर ने चैंपियनशिप प्राप्त की। बालक वर्ग में सागर श्री सीता शरण इंटर कॉलेज खतौली व उमेश चौधरी छोटूराम इंटर कॉलेज ने चैंपियनशिप प्राप्त की। सब जूनियर बालिका वर्ग में वंशिका प्राणनाथ इंटर कॉलेज रतनपुरी खतौली व बालक वर्ग में अमन एस इंटर कॉलेज मोरना ने चैंपियनशिप प्राप्त की। सदर तहसील 326 अंकों के साथ ऑल ऑफ विनर रही। वहीं दूसरे स्थान पर 226 अंकों पर जानसठ,182 अंकों के साथ खतौली तीसरे स्थान और 105 अंकों के साथ बुढ़ाना चौथे स्थान पर रहा। प्रतियोगिता संपन्न कराने में एनएफसी प्रभारी प्रमोद कुमार, क्रीड़ा सचिव सत्यकाम तोमर, डॉ. राहुल कुशवाह, दीपक बालियान, अक्षय कुमार, अमित कुमार, विपिन त्यागी, गया प्रसाद, नीरज बालियान, सुधीर कुमार, डॉ. रवि कुमार, विनीत, विनुज, मनोज, राजबल सैनी, बबीता राणा, प्रियंका शर्मा, प्रीति शर्मा, इंछाराम, अनिल कौशिक, अनिल शर्मा आदि का विशेष सहयोग रहा।

# भोपा के हिस्ट्रीशीटर व पत्नी के शव मिलने से सनसनी

## - बिजनौर की गांगन नदी में मिले थे शव, बेटियों ने लगाया अपहरण का आरोप

**मुजफ्फरनगर, 10 अक्टूबर (बु.)।** भोपा थाने के हिस्ट्रीशीटर और उसकी पत्नी के शव बिजनौर जिले में गांगन नदी में बरामद होने से सनसनी फैल गई। उनकी बेटियों ने आकर शवों की शिनाख्त की। इस मामले में बेटी की ओर से अपने माता पिता के अपहरण का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है। गत दिवस बिजनौर में नहटौर थाना क्षेत्र में बुधवार की देर शाम गांव सिकंदरपुर के सामने गांगन नदी में महिला व पुरुष के शव मिले थे। बृहस्पतिवार को इसकी सूचना पर भोपा के भोकरहेड़ी से मोर्चरी पहुंचकर मृतकों की बेटी पूजा व पूनम ने उनकी शिनाख्त अपने पिता सोमपाल पुत्र गेंदा सिंह और मां बेबी के रूप में की। पुलिस के अनुसार सोमपाल भोपा थाने का हिस्ट्रीशीटर था, जिस पर पहले से ही कई मुकदमे दर्ज हैं। फिलहाल दोनों हल्दौर क्षेत्र में कहीं रह रहे थे। शिनाख्त के बाद मृतक दंपती की बेटी पूनम ने हल्दौर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए आरोप लगाया कि पांच दिन पहले उसके पिता और मां को राजवीर नाम का व्यक्ति अपनी कार में ले गया था। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अपहरण की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली। पुलिस सूत्रों के अनुसार शवों का पोस्टमार्टम कराया गया, जिसमें डूबने की वजह से मौत होना सामने आया है। बताया गया कि मृतक दंपती का बेटा राहुल पिछले दिनों बिजनौर के नगीना थाने में दर्ज हुए केस में जेल गया था। इस मामले को लेकर दर्ज कुंडल लूट के उक्त केस में मृतक सोमपाल भी वांछित था।

हालांकि इस मामले में अपहरण की रिपोर्ट दर्ज होने के बाद उनकी मौत की गुत्थी उला गई है। पुलिस के अनुसार जिस आरोपी राजवीर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है, उसका फोन भी छह तारीख से बंद है। एसपी बिजनौर अभिषेक ॥ ने बताया कि शवों की शिनाख्त के बाद मामले में जांच की जा रही है।

# दहेज हत्या का आरोपी सुबूत के अभाव में बरी

**मुजफ्फरनगर, 10 अक्टूबर (बु.)।** भौराकलां थाना क्षेत्र के गांव मौहम्मदपुर मार्डन में छह अप्रैल 2014 को महिला रूबिता की हत्या कर दी गई थी। जिसमें परिजनों को सूचना दिए बगैर ससुराल पक्ष के लोगों ने रूबिता का अंतिम संस्कार कर दिया था। परिजनों का आरोप था कि दहेज में 40 हजार रुपये की मांग पूरी नहीं होने पर रूबिता के पति प्रविन्द्र उसके देवर जितेन्द्र, सास जगवती व ससुर जगदेव ने मिलकर रूबिता की हत्या कर दी थी। चारों के खिलाफ दहेज हत्या की रिपोर्ट भी दर्ज करा दी गई थी और पुलिस ने उक्त मामले में चार्जशीट भी दाखिल की थी, मगर वरिष्ठ अधिवक्ता चन्द्रवीर सिंह ने बताया कि मामले की सुनवाई एडीजे काशिफ शेख की कोर्ट में हुई, कोर्ट ने जितेन्द्र को साक्ष्यों के अभाव में बरी कर दिया। जितेन्द्र होमगार्ड के रूप में कार्यरत है तथा अधिवक्ता ने यह भी बताया कि देवर जितेन्द्र के अलावा अन्य तीन आरोपियों पति प्रविन्द्र, सास जगवती व ससुर जगदेव की सुनवाई के दौरान मौत हो गई।

# उम्र सत्तर साल, 43 साल से फरार, 10 हजार का इनामी गिरफ्तार



**मुजफ्फरनगर, 10 अक्टूबर (बु.)।** 43 साल से पहचान छिपाकर रहने वाले दस हजार के ईनामी और कोर्ट से भगौड़ा घोषित हिस्ट्रीशीटर इनाम (70) को नई मंडी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। कोर्ट से उसके गैर जमानती वारंट जारी किए गए थे। बताया गया है कि इनाम फरार होने के बाद अपनी पहचान छिपाकर दिल्ली में रहकर मजदूरी का काम करता रहा। इस दौरान वह सोच चुका था कि पुलिस को अब कहां इसकी सुध होगी। वह अपने परिजनों से मिलने के लिए आया तो पुलिस को मुखबिर से इसकी सूचना मिलने के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया। एसपी सिटी सत्य नारायण प्रजापत के अनुसार खालापार थाने के मोहल्ला अबुपुरा निवासी हिस्ट्रीशीटर इनाम उर्फ बाला के खिलाफ 1981 में चोरी का मुकदमा दर्ज किया गया था। इस मामले में उसे व उसके दो साथियों को गिरफ्तार कर लिया गया था। बाद में तीनों आरोपी जमानत पर जेल से बाहर आ गए थे। इनमें इनाम 1981 में जमानत पर बाहर आने के बाद से कोर्ट में पेश नहीं हो रहा था। कोर्ट ने उसे भगौड़ा घोषित कर दिया था। पुलिस ने उस पर दस हजार का इनाम घोषित किया था। एसपी सिटी ने बताया कि कुछ माह पहले पुलिस ने उसे पकड़ा तो उसने अपने पिता का नाम गलत बता दिया था। इसके बाद पुलिस ने उसे छोड़ दिया था। वह फिर परिजनों से मिलने के लिए आया तो एक सूचना पर कंपनी गार्डन के सामने सीएमएस आवास वाली गली से उसे पकड़ लिया। इस बार फिर उसने पुलिस को गुमराह करने का प्रयास किया। हालांकि तलाशी में उसके पास मिली एक वोटर आइडी ने उसकी पोल खोल दी। इसमें उसका व उसके पिता का नाम उसका सही नाम मिला। इसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। उसने बताया कि पहले उसका परिवार अबुपुरा में रहता था लेकिन बाद में यह लोग मोहल्ला कस्सावान में रहने लगे।

## ज्यादा पैसे मांगने का विरोध करने पर ग्राहक को पीटा

**छपार, 10 अक्टूबर (बु.)।** ढाबा कर्मियों ने ग्राहक द्वारा ज्यादा पैसे मांगने का विरोध करने पर ग्राहक की पिटाई कर दी। हरियाणा के बल्लभगढ़ निवासी भोपाल शर्मा ने छपार थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि हरिद्वार गंगा स्नान को जाते समय खाना खाने के लिए बढ़ेडी चौराहे के निकट एक ढाबे पर खाना खाया। ढाबा कर्मियों द्वारा ज्यादा पैसे वसूलने का उसने विरोध किया, जिस पर आरोप है कि ढाबा कर्मियों ने ग्राहक को मारपीट कर घायल कर दिया।

## तीन पर दर्ज हुआ केस

**छपार, 10 अक्टूबर (बु.)।** छपार थाना क्षेत्र के बसेड़ा गांव निवासी महिला ने आरोप लगाया कि वह घर से बाहर गई थी तभी गांव के तीन युवकों ने उसके साथ रास्ते में छेड़खानी की। विरोध करने पर गाली गलौच कर मारपीट कर शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी। महिला ने थाना पुलिस से कार्यवाही की गुहार लगाई। पुलिस ने गुलबहार, हसीन, इमरान नामक तीन युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू की है।

## टाटा का कारोबार पाकिस्तान की जीडीपी से ज्यादा

**मुंबई, 10 अक्टूबर (एजेंसी)।** भारत के दिग्गज बिजनेसमैन रतन टाटा का 9 अक्टूबर (बुधवार) की देर रात निधन हो गया। मुंबई के मुंबई के ब्रीज कैंडी अस्पताल में रतन टाटा ने आखिरी सांस ली। अपने बाद रतन टाटा बहुत बड़ा साम्राज्य छोड़कर गए हैं। इस समूह में नमक से लेकर सॉफ्टवेयर तक बनाने वाली कंपनियां शामिल हैं। टाटा ग्रुप का वैल्यूएशन करीब 400 अरब डॉलर के पार है, जो पाकिस्तान की जीडीपी से भी ज्यादा है। इस साल के आखिरी तक पाकिस्तान की जीडीपी 347 अरब डॉलर हो जाने का अनुमान है, जबकि अकेले टाटा समूह का मार्केट वैल्यूएशन करीब 400 अरब डॉलर यानी 33 लाख 58 हजार करोड़ रुपये के बराबर है। हालांकि, एक दिलचस्प तथ्य यह भी है कि इतने बड़े कारोबारी साम्राज्य को संभालने वाले रतन टाटा अरबतियों की सूची में कभी शामिल नहीं रहे। इसका कारण हम आपको आगे बताएंगे पहले ये जानिए कि टाटा समूह का संचालन कैसे किया जाता है।

## तितावी समिति में डायरेक्टर पद पर ज्योति भोला सिंह निर्विरोध निर्वाचित

**मुजफ्फरनगर, 10 अक्टूबर (बु.)।** जिले की 8 सहकारी गन्ना विकास समितियों में अब सामान्य निकाय गठन के दूसरे चरण की चुनावी रस्साकसी बुधवार से शुरू हो गई। समितियों में डेलीगेट पद का चुनाव संपन्न होने के बाद में अब डायरेक्टर पदों पर नामांकन शुरू हुआ, जिसमें कई समितियों में कई क्षेत्र से डायरेक्टर निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं, इनमें सहकारी गन्ना विकास समिति तितावी के कूकड़ा क्षेत्र से डायरेक्टर पद पर भाजपा समर्थित प्रत्याशी ज्योति भोला सिंह के नामांकन करने के बाद उनके सामने कोई दूसरा दावेदार नहीं आने से उनको निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया। अब 17 अक्टूबर को सभापति व उप सभापति के निर्वाचन होंगे। सहकारी गन्ना विकास समिति तितावी में कूकड़ा से डेलीगेट के लिए शंकर उर्फ भोला सिंह की पत्नी ज्योति सिंह ने चुनाव लड़ा और जीत दर्ज की। ज्योति सिंह तितावी समिति के सभापति पद के लिए भाजपा ने समर्थित प्रत्याशी बनाया है। इस दौरान उनके पति शंकर उर्फ भोला सिंह ने कहा कि क्षेत्र के किसानों के हितों को लेकर हम चुनाव लड़ रहे हैं और किसानों के आशीर्वाद से सभापति के चुनाव में भी हम जीत दर्ज करायेंगे। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं व समर्थकों का भी प्यार देने पर आभार प्रकट किया। इस दौरान मुख्य रूप से प्रत्याशी ज्योति भोला सिंह के साथ अमित राठी पूर्व प्रमुख, देवेन्द्र राठी पूर्व प्रधान कूकड़ा, सतपाल चौधरी, किरण चौधरी, चांदवीर सिंह, वेदपाल चौधरी, चौ. हरवीर सिंह, विरेन्द्र फौजी कूकड़ा, ईसम सिंह, चन्द्रपाल सिंह, चौ. प्रमोद कूकड़ा, यशपाल सिंह, सोहनवीर सिंह, बंटी चौधरी, अनिल सिंह, युवा भाजपा नेता विकल्प जैन, विनय राणा, दीपक चौधरी, नरेश गुर्जर और गौरव चौधरी सहित सैंकड़ों समर्थक मौजूद रहे। वहीं दूसरी तरफ खतौली में प्रहलाद राणा को निर्विरोध डायरेक्टर चुना गया। दूसरी ओर अमित कुमार को क्षेत्र के बारह डेलीगेट द्वारा डायरेक्टर चुना गया।

## चैकिंग को गई ऊर्जा निगम टीम का विरोध

**चरथावल, 10 अक्टूबर (बु.)।** भारतीय किसान यूनियन कार्यकर्ताओं ने उत्पीड़न का आरोप लगा धरना प्रदर्शन किया। कस्बा चरथावल में चैकिंग के लिए गई ऊर्जा निगम के अधिकारियों की टीम को विरोध का सामना करना पड़ा। चैकिंग के दौरान महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार का आरोप लगाते हुए स्थानीय लोगों ने हंगामा शुरू कर दिया। मौके पर पहुंचे भारतीय किसान यूनियन कार्यकर्ताओं ने ऊर्जा निगम अधिकारियों को जमकर हड़काया। मौके की नजाकत देख निगम अधिकारी चले गए, जबकि विजिलेंस पुलिसकर्मी मौके पर मौजूद रहकर लोगों को समझाते रहे। गुरुवार को ऊर्जा निगम एसडीओ, जेई और अन्य तकनीकी अधिकारी विजिलेंस पुलिस के साथ चैकिंग के लिए पहुंचे थे। अधिकारियों ने जैसे ही चैकिंग शुरू की स्थानीय लोगों ने उसका विरोध शुरू कर दिया। आरोप लगाया कि रात के समय ऊर्जा निगम के अधिकारी घरों में घुसकर चैकिंग कर रहे हैं। महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार किया जा रहा है। लोगों के विरोध को देखते हुए ऊर्जा निगम के अधिकारी वहां से चले गए, जबकि स्थानीय लोगों ने भारतीय किसान यूनियन कार्यकर्ताओं के साथ धरना शुरू कर दिया। विजिलेंस इंस्पेक्टर विनय कुमार आजाद ने बताया कि लोगों को समझाकर शांत किया गया। उन्होंने कहा कि यह रूटीन चैकिंग थी किसी के साथ कोई गलत व्यवहार नहीं किया गया।


## रस्म तेरहवीं



**सुश्री उषा मित्तल जी**

भू०पू० प्रधानाचार्या एस.डी. गर्ल्स इंटर कॉलेज, गाँधी कॉलोनी
डायरेक्टर, ताराचन्द वैदिक डिग्री कॉलेज
(माननीय राज्यपाल द्वारा पुरस्कृत)

अत्यन्त दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हम सबकी प्रिय
सुश्री उषा मित्तल जी (सुपुत्री स्वर्गीय श्री शिवशंकर लाल एड्वोकेट)
का स्वर्गवास मंगलवार, दिनांक 1 अक्टूबर 2024 को हो गया है।
उनकी आत्मा अपनी सांसारिक यात्रा पूर्ण कर प्रभु के श्रीचरणों में विलीन हो गयी हैं।
उनकी आत्मा की शान्ति हेतु रस्म तेरहवीं आज शुक्रवार, दिनाँक 11 अक्टूबर 2024 को होनी निश्चित हुई है।

-: कार्यक्रम :-
हवन ........................... प्रातः 10:00 बजे
रस्म तेरहवीं .................. दोपहर 2:00 बजे

स्थानः- 172, सिविल लाईन्स नार्थ,
ओमेगा होटल के निकट, मुजफ्फरनगर, मो. 9837092739

-: शोकाकुल परिवार :-
इला शर्मा (मित्र)
सोनिया-प्रभात (भांजी-दामाद)
रितु अग्रवाल (भांजी)
पूजा-सत्यनारायण अग्रवाल (भांजी-दामाद)
एवं समस्त प्रियजन

सुशील कुमार एड्वोकेट (भाई)
M.9837779079


## शेष : माँ दुर्गा की नौवीं शक्ति...

मां दुगार्जी की नवीं शक्ति का नाम सिद्धिदात्री है। ये सभी प्रकार की सिद्धियों को देने वाली हैं। मार्कण्डेयपुराण के अनुसार अणिमा, महिमा, गरिमा, लघिमा, प्राप्ति, प्राकाम्य, ईशित्व और वाशित्व-ये आठ सिद्धियां होती हैं। ब्रह्मवैवत्रतपुराण के श्रीकृष्ण-जन्मखण्ड में यह संख्या अठ्ठारह बतायी गयी है। इनके नाम इस प्रकार हैं- 1. अणिमा 2. लघिमा 3. प्राप्ति 4. प्राकाम्य 5. महिमा 6. ईशित्व, वाशित्व 7. सर्वकामावसायिता 8. सर्वज्ञत्व 9. दूरश्रवण 10. परकायप्रवेशन 11. वाक्सिद्धि 12. कल्पवृक्षत्व 13. सृष्टि 14. संहारकरणसामर्थ्य 15. अमरत्व 16. सर्वन्यायकत्व 17. भावना 18. सिद्धि मां सिद्धिदात्री भक्तों और साधकों को ये सभी सिद्धियां प्रदान करने में समर्थ हैं। देवी पुराण के अनुसार भगवान शिव ने इनकी कृपा से ही इन सिद्धियों को प्राप्त किया था। इनकी अनुकम्पा से ही भगवान शिव का आधा शरीर देवी का हुआ था। इसी कारण वह लोक में 'अर्द्धनारीश्वर' नाम से प्रसिद्ध हुए। मां सिद्धिदात्री चार भुजाओं वाली हैं। इनका वाहन सिंह है। ये कमल पुष्प पर भी आसीन होती हैं। इनकी दाहिनी तरफ के नीचे वाले हाथ में चक्र, ऊपर वाले हाथ में गदा तथा बायीं तरफ के नीचे वाले हाथ में शंख और ऊपर वाले हाथ में कमलपुष्प है। नवरात्र-पूजन के नवें दिन इनकी उपासना की जाती है। इस दिन शास्त्रीय विधि-विधान और पूर्ण निष्ठा के साथ साधना करने वाले साधक को सभी सिद्धियों की प्राप्ति हो जाती है। सृष्टि में कुछ भी उसके लिये अगम्य नहीं रह जाता। ब्राह्माण्ड पर पूर्ण विजय प्राप्त करने की सामर्थ्य उसमें आ जाती है। प्रत्येक मनुष्य का यह कर्तव्य है कि वह मां सिद्धिदात्री की कृपा प्राप्त करने का निरन्तर प्रयत्न करे। उनकी आराधना की ओर अग्रसर हो। इनकी कृपा से अनन्त दुःख रूप संसार से निर्लिप्त रह कर सारे सुखों का भोग करता हुआ वह मोक्ष को प्राप्त कर सकता है। नव दुर्गाओं में मां सिद्धिदात्री अन्तिम हैं। अन्य आठ दुर्गाओं की पूजा-उपासना शास्त्रीय विधि-विधान के अनुसार करते हुए भक्त दुर्गा-पूजा के नवें दिन इनकी उपासना में प्रवृत्त होते हैं। इन सिद्धिदात्री मां की उपासना पूर्ण कर लेने के बाद भक्तों और साधकों की लौकिक-पारलौकिक सभी प्रकार की कामनाओं की पूर्ति हो जाती है, लेकिन सिद्धिदात्री मां के कृपापात्र भक्त के भीतर कोई ऐसी कामना शेष बचती ही नहीं है, जिसे वह पूर्ण करना चाहे। वह सभी सांसारिक इच्छाओं, आवश्यकताओं और स्पृहाओं से ऊपर उठ कर मानसिक रूप से मां भगवती के दिव्य लोकों में विचरण करता हुआ उनके कृपा-रस-पीयूष का निरन्तर पान करता हुआ, विषय-भोग-शून्य हो जाता है। मां भगवती का परम सान्निध्य ही उसका सर्वस्व हो जाता है। इस परम पद को पाने के बाद उसे अन्य किसी भी वस्तु की आवश्यकता नहीं रह जाती। मां के चरणों का यह सान्निध्य प्राप्त करने के लिए हमें निरन्तर नियमनिष्ठ रह कर उनकी उपासना करनी चाहिये। मां भगवती का स्मरण, ध्यान, पूजा हमें इस संसार की असारता का बोध कराते हुए वास्तविक परमशान्तिदायक अमृत पद की ओर ले जाने वाला है।

## दिल्ली में 2000 करोड़ की कोकीन बरामद

नई दिल्ली, 10 अक्टूबर (एजेंसी)। दिल्ली के रमेश नगर से दो हजार करोड़ रुपये मूल्य की 208 किलोग्राम कोकीन बरामद की गई है। यह गाजियाबाद से यहां पहुंचाई गई थी। यहां से ये खेप आगे पहुंचाई जाती उससे पहले ही महिपालपुर में कोकीन की खेप पकड़ी गई। इसके बाद इस खेप की निगरानी करने भारत आया सविंदर गोदाम बंद कर बुधवार रात को लंदन फरार हो गया। वह आईजीआई एयरपोर्ट से लंदन फरार हुआ है। दुबई से भारी मात्रा में कोकीन एक कंपनी के जरिए भारत भेजी गई है। अभी तक भारत में कुल 773 किलोग्राम कोकीन पकड़ी जा चुकी है। इतनी मात्रा में देश से बरामद होने पर देश की सुरक्षा एजेंसियां हाई अलर्ट मोड में आ गई हैं।राज्यों की पुलिस को अलर्ट कर दिया गया है।

## केंद्र सरकार ने हिज्ब-उत-तहरीर पर लगाया प्रतिबंध

**नई दिल्ली, 10 अक्टूबर (एजेंसी)।** केंद्र सरकार ने 1953 में यरुशलम में गठित वैश्विक इस्लामी कट्टरपंथी समूह हिज्ब-उत-तहरीर को प्रतिबंधित संगठन घोषित किया है। इसके साथ ही सरकार ने कहा है कि- इस इस्लामी कट्टरपंथी समूह का उद्देश्य इस्लामिक राज्य की स्थापना करना है। अधिसूचना में, केंद्रीय गृह मंत्रालय ने कहा कि एचयूटी भोले-भाले युवाओं को आईएसआईएस जैसे आतंकवादी संगठनों में शामिल होने के लिए कट्टरपंथी बनाने और प्रेरित करने के साथ-साथ आतंकवादी गतिविधियों के लिए धन जुटाने में शामिल है। एचयूटी कई सोशल मीडिया, सुरक्षित ऐप का उपयोग करके युवाओं को आतंकवादी कृत्यों में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित करता है।



# बनी बात, पंजाब नेशनल बैंक के अफसरों की हड़ताल खत्म

## - अधिकारियों से माफी मांगने के बाद खुल गई सभी ब्रांच

**मुजफ्फरनगर, 10 अक्टूबर (बु.)।** अपने उच्चाधिकारी की उपेक्षा व दुर्व्यवहार को लेकर दो दिनों से चल रही पंजाब नेशनल बैंक के अधिकारी-कर्मियों की हड़ताल जिम्मेदार अधिकारी के खेद प्रकट करने के बाद सहमति बन जाने पर खत्म हो गई, इसके बाद दोपहर करीब एक बजे के बाद से दोनों जनपदों की सभी ब्रांच खुलनी शुरू हो गई। बैंक की हड़ताल समाप्त होने के बाद फिर से काम पटरी पर लौट आया और लोगों ने राहत की सांस ली। पंजाब नेशनल बैंक के जोनल मैनेजर बलबीर सिंह द्वारा कथित रूप से सर्किल ऑफिस में तैनात चीफ मैनेजर जिमी टिर्की व कोर्ट रोड शाखा प्रबंधक इन्द्रजीत सिंह के साथ अभद्र व्यवहार से आहत पंजाब नेशनल बैंक के अधिकारी और कर्मचारी बुधवार से कामबंद हड़ताल पर चले गए थे।

इसके साथ ही सर्किल ऑफिस में धरना शुरू कर दिया था, जिसके चलते मुजफ्फरनगर शामली की पीएनबी की सभी 83 ब्रांच बंद थी। बीती देर रात्रि में जोनल मैनेजर बलबीर सिंह मुजफ्फरनगर आए और कई घंटे उनकी यूनियन नेताओं से बात हुई पर कई मामले अनसुलझे रह गए थे, जिनका निस्तारण न हो पाने के कारण गुरूवार की सुबह पीएनबी शाखाओं में अधिकारी-कर्मचारी काम पर ही नहीं लौटे। ऐसे में गुरूवार को शुरू हुई दूसरे दौर की वार्ता के बाद समझौता हो गया, जिसके बाद पीएनबी अफसरों ने अपनी हड़ताल वापस ले ली और ब्रांच खुलनी शुरू हो गई।

### इन्होंने कुछ यूं कहा...

**पंजाब नेशनल बैंक ऑफिसर्स यूनियन के सह महासचिव गौरव किशोर ने बताया कि बैंक शीर्ष प्रबंधन ने अब जनरल मैनेजर के खिलाफ भी जांच शुरू कर दी है, वहीं यूनियन ने दोपहर बाद अपनी हड़ताल वापस ले ली है। इसके कारण लंच के बाद बैंकों की शाखाओं में फिर कामकाज शुरू कर दिया गया।**

**गौरव किशोर**
पीएनबी ऑफिसर्स यूनियन के सह महासचिव